अपने देश का, भारत का जो सामाजिक स्ट्रक्चर है, उस स्ट्रक्चर में हम इसकी तुलना अमेरिका से नहीं कर सकते। धनी देशों से हम इस देश की तुलना नहीं कर सकते। हमारा जो सामाजिक स्ट्रक्चर है, उस स्ट्रक्चर में हम भारत की जनता को, खास कर भारत की गरीब जनता को, सुलभ और सस्ती दवाइयाँ मुहैया कराएँ। महोदय, इस देश के लिए यह बहुत आवश्यक है। इसलिए मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री महोदय से अनुरोध करना चाहूँगा कि दवाइयों के मूल्यों में वृद्धि नहीं करें, बल्कि हो सके तो उसे सस्ता करें, जिससे गरीबों को दवाइयाँ उपलब्ध हो सके। इसी निवेदन के साथ, मैं अपनी बात आपके कथनानुसार, कम समय में समाप्त करता हूँ। धन्यवाद।

श्री उपसभापति : डा. नारायण सिंह मानकलाव।

डा. नारायण सिंह मानकलाव (नाम-निर्देशित) : माननीय उपसभापति महोदय, आप सिर्फ क्लैरिफिकेशन के लिए कहेंगे, उससे पहले मैं बता दूँ कि मैं अपनी बात बहुत जल्दी खत्म करने वाला हूँ। खेद का विषय यह है कि इतने महत्वपूर्ण विषय पर हर व्यक्ति को खड़े होने के साथ ही क्लैरिफिकेशन की बात कही जाती है। अच्छा होता कि इस पर कहीं ज्यादा समय लेकर कुछ विचार किया जाता, क्योंकि यह बहुत महत्वपूर्ण विषय है और जीवन से जुड़ा हुआ विषय है।

सबसे पहले मैं क्लैरिफिकेशन के रूप में माननीय मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूँ कि किसी भी दवा की मैन्युफैक्चरिंग कॉस्ट क्या होती है और उस मैन्युफैक्चरिंग कॉस्ट के ऊपर एमआरपी क्या होता है, क्योंकि इन दोनों के बीच में एक बहुत बड़ा अन्तर है? उस अन्तर

का बिचौलिए लोग उपयोग करते हैं। इसके कारण जो ग्लुकोज़ की बोतल बताई गई, वह कितने में बनती है और ग्राहक को कितने में मिलती है? इसके बीच मैन्युफैक्चरिंग कॉस्ट में अगर 10-15 परसेंट जोड़ कर कोई ऐसी डायरेक्ट व्यवस्था की जाए, तो वह सस्ती मिल सकती है। वह सारा जो प्रॉफिट का मारजिन है, उसे आप किस प्रकार कंट्रोल करेंगे? बिचौलिए जो अनुचित लाभ ले रहे हैं, उसे आप कैसे कंट्रोल करेंगे? इसके साथ आप सरकारी शफाखानों में जो दवाइयाँ उपलब्ध करते हैं, परचेज करते हैं, उसकी व्यवस्था ऐसी है कि वह भी आप डीलर के माध्यम से ही, स्टॉकिस्ट के माध्यम से ही खरीदते हैं। मेरा यह मानना, सोचना है और आपसे निवेदन है कि वह परचेज, जो आप सरकारी दुकानों और शफाखानों में करते हैं, वह डायरेक्ट मैन्युफैक्चरर्स से करें और उनसे इसका 10 परसेंट जोड़ कर करें, तो शायद सरकारी दवाखानों में दवाइयाँ और सस्ती मिल सकती हैं।

दूसरी बात यह है कि आपने अपने स्टेटमेंट में लिखा है कि स्वैच्छिक रूप से कीमतों में कमी करने के लिए प्रयास किया जाता है। आपने कुछ संस्थाओं को बुलाया भी और उन्हें प्रेरित किया कि वे ऐसा करें। आप ऐसे लोगों के साथ यह प्रयास कर रहे हैं, जो लाभ कमाने के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं, लाभ कमाने के लिए दवाइयों में मिलावट करने को तैयार हैं, लाभ कमाने के लिए जीवन और मौत का सौदा करने के लिए तैयार हैं। इसलिए आप चाहें कि उन में स्वेच्छा से परिवर्तन आ जाय, यह संभव नहीं है। उस के लिए एक कठोर कानून बनाकर, एक कठोर कार्यवाही कर के उन पर कंट्रोल किया जा सकता है।

महोदय, इस मसले का दूसरा पक्ष मेडिसिन का मिस-यूज है। मैं कई वर्षों से इस पर काम कर रहा हूं। यूज, मिस-यूज और एब्यूज - ये तीन चीजें हैं जिस में मिस-यूज के बाद एब्यूज आता है। आज एब्यूज की स्थिति इतनी खतरनाक है और जैसा कि मंत्री महोदय ने अभी psychotropic drugs और narcotic drugs के बारे में बताया, इस का एक बहुत बड़ा racket समाज में फैल रहा है। महोदय, cough syrup, morphin और sedatives के रूप में यह फैल रहा है और जो लोग drug addict हो जाते हैं, उन को de-addict कर समाज की मूल धारा में लाना एक बड़ा मुश्किल काम हो रहा है। आप ने बताया कि यह काम राज्य सरकार करती है और हम उन को समय-समय पर निर्देश देते हैं, ऐसा न कर के कोई ऐसा कानून बनाया जाए जो सेंट्रल गवर्नमेंट के हाथ में रहे। इस तरह से आज ऐसी कार्यवाही की जरूरत है जिससे कि ऐसी ड्रग्स के मिस-यूज को abuse में परिवर्तित किया जा सके। ऐसा मेरा आग्रह है और अगर आप ऐसा करेंगे तो वह युवा जो इस जहर के नशे में अपने को बर्बाद कर देते हैं, उन को बचाने में आप का बहुत बड़ा सहयोग रहेगा।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपना कथन समाप्त करता हूं।

श्री उपसभापति : श्री दारा सिंह चौहान।

श्री दारा सिंह चौहान (उत्तर प्रदेश) : उपसभापति महोदय, आज दवाओं के मूल्य में वृद्धि और उन के दुरुपयोग के विषय पर चर्चा हो रही है। इस बारे में हम सभी जानते हैं और माननीय मंत्री जी भी काफी गंभीर हैं क्योंकि दवा की मूल्य-वृद्धि और उस के दुरुपयोग को लेकर उन्होंने कई बार गंभीर चिंता प्रकट की है।

1.00 P.M.

महोदय, आज भी दवा की मूल्य-वृद्धि और उस के दुरुपयोग का सब से बड़ा शिकार गरीब तबका होता है। आज भी गरीबी रेखा के नीचे रहने वालों का परसेंटेज बढ़ता जा रहा है। हर प्रकार की मूल्य वृद्धि से सब से ज्यादा प्रभावित गरीब मजदूर, कोयला खान मजदूर और बुनकर ही होता है। इसलिए मैं चाहता हूं कि माननीय मंत्री जी जिस गंभीरता से इस विषय में चर्चा कर चुके हैं, उन्हें और गंभीरता दिखानी चाहिए। महोदय, जो गरीब लोग हैं या मजदूर हैं, उन्हें आज आजादी के 58-59 साल बाद भी दो जून की रोटी नहीं मिल पाती है, उन्हें दवा का पैसा भी नहीं मिल पाता है। उसे 5 रुपए 30 पैसे की टैबलेट, चूंकि उसे एम0आर0पी0 का पता नहीं है, 5 रुपए 60 पैसे या 6 रुपए में दी जाती है। वह तो दुकानदार से डिस्कस भी नहीं कर पाता कि तुम इतना पैसा क्यों ले रहे हो। महोदय, इस बारे में कोई योजना बनायी जानी चाहिए। महोदय, आज कैपस्यूल में चने का आटा भरकर मार्केट में बेचा जा रहा है। हमारे छोटे-छोटे बच्चों के syrup की जगह चीनी, पानी और रंग मिलाकर, उन्हें बढ़िया बोतल में डालकर, मार्केट में बेचा जा रहा है। इस syrup की कीमत 25 या 50 पैसे है, लेकिन वह दवा बाजार में 25 रुपए में बिक रही है।इसलिए माननीय मंत्री जी इस विषय पर गंभीरता से विचार करें। माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी भी हैं और उन्होंने भी इस पर अपनी चिंता जाहिर की है। यहां प्रगति मैदान में जब मेला लगा था तब भी उन्होंने चिंता जाहिर की थी।

महोदय, आज आयुर्वेद जिस का लोहा दुनिया में माना जाता है, उन्होंने कहा है कि आज आयुर्वेद की दवाइयां भी महंगी हो रही है। महोदय, मंत्री जी स्वयं इस बारे में चिंतित हैं और वे गरीबों और समाज के कमजोर लोगों की पीड़ा को समझते हैं। इस के अलावा आज देश में तमाम रिसर्च हो रही हैं। अभी मुझे पता चला कि हमारे पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ने कालाजार पर रिसर्च की और उन्हें अवार्ड भी मिला। उस से पहले भी कई लोगों ने रिसर्च की है, लेकिन उस रिसर्च का परिणाम नहीं निकला, उन को नोटिस में नहीं लिया गया। इसलिए मैं समझता हूं कि जिन्होंने सस्ती दर पर अच्छी रिसर्च की है और जीवन रक्षक दवाओं के बारे में जिन की सलाह उपयोगी हो सकती है, आज उस के बारे में प्राथमिकता दिए जाने की जरूरत है।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

SHRI V. NARAYANASAMY (Pondicherry): Hon. Deputy Chairman, Sir, I am grateful to you and to the hon. Manoj Bhattacharya because in the last Session he had brought before the House the issue of substandard/spurious drugs. This time, we are discussing about the pricing and also the misuse of drugs. This is a national issue. Sir, you were also occupying the seat of the Minister of Chemicals and Fertilizers. Therefore, you might be knowing better about the feeling of the hon. Members who are raising this issue.

Sir, as far as drug pricing is concerned, I would say that I had gone through the statement made by the hon. Minister. It is a known fact that as far as the price of the scheduled drugs is concerned, it is so high that a common man is not able to buy these drugs. This is the ground reality.

We find, especially, cancer, HIV and various other important scheduled drugs, are out of reach of the common man. The reason is: the pricing mechanism and the authority to fix the price, I feel, are defective because the pricing is not being done on scientific basis. That is what I would like to submit before the hon. Minister.

If we look at the non-scheduled drug formulations, he left it to the market mechanism *i.e.*, manufacturers, to decided about the price. The hon. Minister is saying that there is a controlling authority. In every State we find a system of controlling the price of drugs by various agencies of the State Governments, which are, normally, attached to the Ministry of Health, and are not doing their duty properly. So, ultimately, the consumer is at a loss.

SHRI N. JOTHI (*Tamil Nadu*): Sir, he cannot blame the State Governments like this. You have to blame the Central Government. It is a Central subject. He should convey this to the Central Government. Why should he blame the State Governments?...*(Interruptions)*...The State Governments cannot defend themselves now...*(Interruptions)*...

SHRI V. NARAYANASAMY: Sir, I am very sorry...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Narayanasamy, I will clarify. The Drug Controllers are under the State Governments. So, it is a combined responsibility...*(Interruptions)*...

SHRI V. NARAYANASAMY: Sir, since you have replied to that point, I don't want to say anything more on this. Sir, the quality of drugs has to be controlled by the State Drug Controlling Authority.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I have already clarified this point. You continue with other points.

SHRI V. NARAYANASAMY: Sir, the hon. Minister should not leave the pricing of non-scheduled drugs to be decided by the manufacturers themselves. They should not decide the pricing mechanism. This has also been clearly agreed in the NCMP and it is the concern of the UPA Government that the drug prices have to be controlled. Therefore, in that regard I would like to seek a clarification from the hon. Minister. The hon. Minister has said in his statement that a Committee has been constituted. I wanted to know about the interim Report submitted by the Committee and what is the follow-up action that the Government have taken? The hon. Minister also mentioned that a Task Force has also been constituted. Hon.

Members have asked questions about the Task Force. So, I would only like to know what are the main recommendations of the Committee and what action you have initiated in this regard.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You have put two questions and both are important.

SHRI V. NARAYANASAMY: Sir, I would like to mention a point on the misuse of drugs. What the manufacturers are doing is this. They are slightly modifying the formulations and giving a different name to the drug. And then, they will fix price according to their choice. In another case what they are doing is this. The formulation is same but they are giving a different name to the product. This is happening. And, ultimately, the consumers are not having access to real drugs at real price. This I would like to bring to the notice of the hon. Minister. Therefore, I would like to know from the hon. Minister what mechanism the Ministry is evolving to control this. Hon. Health Minister has stated earlier in his statement that the National Drug Regulatory Authority would be set up. I would like to know when the Government is going to have that authority. The Minister also said that they are going to have that authority by October. I would like to know from the hon. Minister how he is going to control the formulation, which is slightly changed and a different name has been given to it. A different name has been given to the same drug! How is he going to control all these things? Therefore, I would like to know about all these things.

So, there are a number of issues, including that of misuse of drugs, which the hon. Minister has to attend to. Thank you, Sir.

SHRI JAIRAM RAMESH (Andhra Pradesh): Sir, I would like to seek only three clarifications in a very, very brief manner. I would not take even one minute.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No other Member has also taken much time.

SHRI JAIRAM RAMESH: Sir, if I have your permission, and that of Mr. Ahluwalia, I will take even less than a minute. I have just three clarifications - two for the Minister of Chemicals and Fertilizers and one for the Minister of Health. It is a very rare occasion that when we discuss the drug policy and both the Ministers are present.

Sir, out of the two points on which I would like to seek clarifications, one is on the pricing part of the Calling Attention Motion. The National Pharmaceutical Pricing Authority has been empowered to monitor the situation on availability of drugs, identifying shortages and taking remedial actions. Has it actually done this part of its Term of Reference? It is fixing prices. Fine! But has it fulfilled this part of its Terms of Reference? Second, another Terms of Reference of the NPPA is that they will do studies on pricing. This very morning, Sir, I went to the website of the NPPA. The last study that had been done on pricing, and which is available on the website, is that of 2002. Is this a matter that is constantly under upgradation, or, is it something that is just done once in four years, or, once in five years? This is important because if you look at the Minister's statement, the ORG survey, which is the only survey that is available to the Government on prices, the picture that you get from the ORG survey is entirely different from the perception of the people that prices of medicines are going up. The ORG survey is a very reliable, very scientific, and a very well done survey. I have been associated with it for over ten years. Unfortunately, the problem has always been that the picture that you get from the ORG survey is entirely different from the experience of individual Members of Parliament. So, I would like to request the hon. Minister to kindly look into it. Why is it so, year after year, that the ORG survey gives an impression that the prices of medicines are not going up astronomically, while the experience of each individual Member has been that the prices of medicines are going beyond reach?

Now, comes my final clarification for the Minister of Health. We had a similar discussion in the last session on the issue of spurious and fake drugs. And, I had requested the hon. Minister of Health to give an assurance to this House that he would come forward with a legislation to set up an FDI type of a structure so that this constant football between the Centre and the States is put at rest. Every time, when we ask the Minister of Health, he says, "This is a State subject." So, can he, once and for all, burry this football of the Centre *versus* State? Can the Central Government take upon itself the responsibility for setting up a National Food and Drug Administration, which will set up drug standards, enforce drug standards, and, once and for all, deal with this problem of spurious drugs?

श्री राम विलास पासवान : उपसभापति महोदय, मैं माननीय सदस्यों का आभारी हूँ कि उन्होंने एक अति-महत्वपूर्ण विषय पर ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से सदन का ध्यान आकृष्ट किया है और सरकार को अपनी बात कहने का मौका दिया है। मेरे पास जो डेटा है, जो

जानकारी है और इस बहस में जितने भी माननीय सदस्यों ने भाग लिया है, मैं समझता हूँ कि यदि एक-एक करके मैं कहूंगा, तो इसमें जवाब देने के लिए कम से कम दो-तीन घंटे का समय चाहिए, लेकिन जो मुख्य-मुख्य पाइंट्स हैं, उनके संबंध में मैं आपको बतलाना चाहूंगा। पहले तो मैं आपको यह जानकारी दे दूं, जो पृष्ठभूमि है, जो बैकग्राउंड है, वह यह कि हमारे देश की स्थिति क्या है? हमारे देश में कुल दवाइयां जो हैं, वे 7,000 फार्मुलेशन से हैं और 3,000 नोन-ब्रांडेड, जिनको जैनेरिक कहा जाता है, वे हैं और इनमें से 90 परसेंट ब्रांडेड नाम से बिकती हैं। बल्क ड्रग्स जो हैं, वे 650 हैं। जो हमारा एनुअल टर्न-ओवर है, वह एनुअल टर्न-ओवर वर्ष 2005 के मुताबिक 8 बिलियन डालर है, मतलब 35,000 करोड़ रुपए का टर्न-ओवर है। जो जैनेरिक दवाइयों का ग्लोबल मार्केट में हमारा शेयर है, वह 22 परसेंट हमारा भारत का शेयर है। जो एक्सपोर्ट हम करते हैं, वह 3.5 बिलियन डॉलर है, मतलब 14 हजार करोड़ रुपए का निर्यात प्रतिवर्ष हो रहा है और यह एक्सपोर्ट और तेजी से बढ़ता जा रहा है। हमारा ऐन्युअल टर्न-ओवर का 2010 तक का टारगेट 20 से 25 बिलियन डॉलर का है। यह एक जनरल बात हमने आपको बतलाई है।

महोदय, मनोज भट्टाचार्य जी ने इस पर शुरु किया और उन्होंने कई प्वाइंट्स बतलाए। उन्होंने कहा कि डाक्टर्स प्रेस्क्राइब करते हैं, सही बात है, चाहे प्राइम मिनिस्टर हों, चाहे राष्ट्रपति हों, हम हों, आप हों, बढ़िया से बढ़िया दवाई लिखते हैं। अब दवाई कोई बर्तन तो है नहीं। जब हम बर्तन खरीदने के लिए जाते हैं तो हम अपने मन से खरीदते हैं। धोती, पेंट या कपड़ा खरीदते हैं तो अपने मन से खरीदते हैं, लेकिन दवाई कौन सी अच्छी है, कौन सी बुरी है, उसके बारे में निर्णय लेना डाक्टर के हाथ में रहता है और उस पर हम कैसे रोक लगाएं। मैं समझता हूं कि इसमें हम अपने को हेल्पलैस पाते हैं कि कौन सा डाक्टर कौन सी दवाई लिखे, कितनी दवाई लिखे। अभी एड्स की दवाई के बारे में कहा गया कि डाक्टर्स दस दवाइयां लिख देते हैं और दस दवाइयों में मरीज का हजारों रुपया लग जाता है। तो टोटल जो सिस्टम है, यह उस सिस्टम पर निर्भर करता है।

दूसरी बात, आपने सही कहा NPPA के कार्यक्षेत्र के बारे में। NPPA का बहुत ही लिमिटेड कार्यक्षेत्र है। NPPA में दो तरह की दवाइयां हैं। एक शैडयूल्ड ड्रग्स हैं, जिनको कंट्रोल प्राइस ड्रग्स कहते हैं। कंट्रोल प्राइस में 74 हैं। 74 का कितना कॉस्ट आफ प्रोडक्शन हो, इस बारे में बहुत से साथियों ने कहा। सिंह साहब वहां बैठे हुए हैं, उन्होंने बहुत अच्छा प्रश्न उठाया कि कॉस्ट आफ प्रोडक्शन में और MRP में कोई तालमेल नहीं है। बिल्कुल तालमेल नहीं है। हम जानते हैं कि 20 पैसे में जिस दवाई का प्रोडक्शन होता है, उस पर रिटेल में लिखा जाता है 1.20 रुपए और मार्किट में MRP लगाया जाता है 37 रुपए का। हमारे पास रिटेल प्राइस तो है, होलसैल प्राइस आप निकाल सकते हैं, लेकिन जो कॉस्ट आफ प्रोडक्शन है, उसमें दिक्कत आती है। उस पर एक्साइज़ डयूटी कितनी दी जाती है, उसके बारे में हम लोग मांग करते हैं तो जानकारी मिलती नहीं है। कोई कहता है कि फाइनेंस मिनिस्ट्री का मामला है, कोई कहता है कि इसे स्माल स्केल इंडस्ट्री बनाती है और उसके ऊपर इतनी छूट है, इतने का यह है, यह है। तो 25 तरह की बाधाएं उसमें हैं। लेकिन फिर भी हमारा जो NPPA है और अभी जो उन्होंने कहा कि ORG है, उसके ऊपर हम निर्भर करते हैं और उसी के आधार पर हमने आपको प्रश्न का जवाब दिया, मेन प्रश्न के जवाब में, कि उन्होंने जब 31 हजार दवाइयों का सर्वे किया, उसके मूल्य के बारे में हमने दिया कि उसमें 96.5 परसैंट दवाइयों की कीमत

स्थिर है। उसमें से मान लेते हैं कि कुछ दवाइयों की कीमत बढ़ी है, कुछ दवाइयों की कीमत में कमी आई है। यह हमने उसमें बतलाया है। हमारे साथी रमेश जी ने अभी कहा, वह बात भी सही है कि दवाइयों का जो प्राइस होता है और जिस पर वह एक्च्युअल में गरीब को मिलती है, जैसा कि कुछ हमारे दूसरे साथियों ने भी बतलाया है, उसमें अंतर है। एक्ट अलग है, फैक्ट अलग है, टैक्स अलग है। एक्ट में कुछ लिखा रहता है, फैक्ट कुछ है और फिर नेगोसिएशन में कुछ होता है। अब उस पर कैसे लगाम लगाई जाए, इस पर हम बाँद में आएंगे। लेकिन जो हकीकत है, वह हमने ही यहां पार्लियामेंट में रखी थी कि कुछ दवाइयों का रिटेल प्राइस कितना है, कितने MRP पर उसे बेचा जा रहा है और कैसे उसको कंट्रोल में लाया जाए। हम उसमें कार्रवाई भी कर रहे हैं। आपने कहा कि कंट्रोल कैसे होता है। हमारे यहां एक तरीका बना हुआ है कि किसी का दाम यदि 20 परसैंट से ज्यादा बढ़ता है, तो हम उसको कंट्रोल के अंतर्गत लाते हैं या किसी की 90 परसैंट से ज्यादा मोनोपली हो गई या एक ही परिवार के लोग यदि उसका एकाधिकार करने की कोशिश करते हैं, तो उसको कंट्रोल में लाने का तरीका है। अब एक्शन के लिए क्या है? हमको जब मालूम हुआ कि इस तरीके से बहुत सारी दवाइयां हैं, जिनको कंट्रोल में लाना चाहिए, जैसे मान लीजिए 354 ऐसैंशियल ड्रग्स हैं। अब हमने डिपार्टमेंट से लाइफ सेविंग ड्रग्स के बारे में पूछा कि कौन-कौन सी लाइफ सेविंग ड्रग्स हैं, लेकिन दुर्भाग्य से लाइफ सेविंग ड्रग्स की परिभाषा पूरे संसार में कहीं नहीं है। Every drug is a life saving drug. हैल्थ मिनिस्ट्री के मुताबिक छोटी से छोटी जो चीज़ है, वह इसमें आती है, जैसे अब मुम्बई में छोटी-छोटी बीमारियों के कारण लोग मर गए। इस प्रकार वे सिर्फ एचआईवी या कैंसर की ड्रग्स को ही लाइफ सेविंग ड्रग्स नहीं मानते हैं, वे लाइफ सेविंग ड्रग्स में सब दवाओं को रखते हैं। हमारे पास जो लाइफ सेविंग एसेन्शियल ड्रग्स की सूची है और जो एसेन्शियल ड्रग्स हमारे पास उपलब्ध हैं, उनकी संख्या 354 हैं और जैसा कि ओआरजी के द्वारा सर्वे किया गया है, 354 में से 243 का सर्वे किया गया और हमने स्वयं उसकी मोनिटरिंग की और चूंकि हम सेपरेट पर मोनिटरिंग नहीं करते हैं, अत: मोनिटरिंग करने के बाद बाकी की जो दवा है, जैसे रुई है या अन्य दवाएं हैं जैसे टिंक्चर इत्यादि, जिन्हें हॉस्पिटल से डायरेक्ट खरीदा जाता है, उसके लिए हमने ज्वाएंट सेक्रेटरी श्री संधू जी की अध्यक्षता में एक ज्वाएंट कमेटी बनाई और उस ज्वाएंट कमेटी ने रिपोर्ट भी दे दी है हालांकि अभी केवल अंतरिम रिपोर्ट ही दी है, फाइनल नहीं दी है। उन्होंने जो रिपोर्ट दी है, वह रिपोर्ट हमारे पास आ गई है, उस रिपोर्ट को हम सदन के समक्ष दिखा सकते हैं, लेकिन दूसरी ओर पीएमओ के द्वारा भी एक टास्क फोर्स बनाई गई है। होता क्या है कि जब दवा कंट्रोल में आती है तब उसके जो मेन्युफेक्चरर्स हैं, उनमें ह्यू एंड क्राई होने लगता है, हंगामा होने लगता है और स्वाभाविक भी है कि जो मेन्युफेक्चरर्स हैं, वे घाटे का सौदा तो करते नहीं हैं, वे तो वहीं होंगे जहां मुनाफा होगा। दुर्भाग्य से अभी हमारी जितनी भी पब्लिक अंडरटेकिंग्स हैं, वे सारी की सारी बंद पड़ी हुई हैं।

हमारे कुछ साथियों ने हमसे कहा कि क्वालिटी पर किसी तरह का कोई कंप्रोमाइज़ नहीं होना चाहिए। हैल्थ मिनिस्टर यहीं पर बैठे हुए हैं। हमारे पास शेड्यूल एम है, शेड्यूल एच है, अब जो शेड्यूल एम है, वह क्वालिटी कंट्रोल का है और इस क्वालिटी कंट्रोल के मामले में जब शेड्यूल एम का नोटिफिकेशन किया गया, तब हमारे जितने आईडीपीएल थे, वे सभी बंद हो गए। हालांकि हमने इतना जरूर किया है कि प्रोडक्शन को बंद नहीं किया है, चूंकि उनका जो पिछला बैक लॉग है, हमने उनसे कहा कि उत्पादन करो, लेकिन सभी जगहों पर जितने भी हमारे पास आईडीपीएल हैं, जिनमें से कुछ तो पहले से ही बंद थे और कुछ अब बंद हो गए हैं।

हमें खुशी इस बात की है कि अभी कुछ साथियों ने मुम्बई का जिक्र किया। महोदय, मुम्बई मे अभी जो बीमारी फैली और उस बीमारी के कारण किसी आईडीपीएल को पीएसयू से कितना फायदा होता है, मैं आपको यह बतलाना चाहता हूं। एक दवा है "डॉक्सीसाइक्लिन", यह एंटीबायोटिक दवा है और बाज़ार में नहीं मिल रही है, इसका कारण यह है कि इसकी कीमत कम है, इसलिए प्राइवेट वाले इसका प्रोडक्शन कम ही करते हैं। हैल्थ मिनिस्ट्री ने आईडीपीएल को प्रोडक्शन के लिए कहा, हालांकि आईडीपीएल की हालत बहुत खराब है, लेकिन हम आईडीपीएल को धन्यवाद देना चाहते हैं कि उन्होंने पांच लाख कैप्सूल बना कर देने का काम किया, हालांकि उन्हें टेलीफोन पर ही कहा गया। चाहे हिन्दुस्तान एंटीबायोटिक लिमिटेड हो, दुर्भाग्य से वह भी बंद होने के कगार पर है। हम तो जिस मंत्रालय में भी जाते हैं, पहले कहते हैं कि हमारे रहते हुए न तो हम इसे बंद होने देंगे और न ही इसे बिकने देंगे, हम इसमें सुधार लाने की कोशिश करेंगे और हम यह कोशिश कर रहे हैं। इस प्रकार की और भी कई कंपनियां हैं, जैसे बंगाल कैमिकल्स है, उसके लिए भी हम कैबिनेट में नोट भेज रहे हैं। हमारे पास जो पब्लिक अंडरटेकिंग्स हैं, वे सभी लिमिटेड हैं और ये जो विशाल हाथी हैं, ये सारे के सारे प्राइवेट सेक्टर्स में हैं।

कुछ साथियों ने कहा कि कुछ दवाओं की कीमत बहुत ज्यादा बढ़ी हुई है। मान लीजिए कि पेटेन्ट लॉ है, पेटेन्ट एक्ट बन गया है, अब पेटेन्ट एक्ट तो नेशनल है और उसमें आप और हम कुछ कर भी नहीं सकते हैं, लेकिन हमने कोशिश जरूर की है कि जो हमारे फार्मास्युटिकल्स हैं या जो हमारी ड्रग्स पॉलिसी है, उस पर हम इस एक्ट का कम से कम दुष्प्रभाव पड़ने दें और उसके लिए हमने पूरी कोशिश की है। जैसा कि आप सभी जानते हैं कि 1995 में यह एग्रीमेंट हुआ, लेकिन भारत के लिए दस वर्ष का समय दे दिया गया, इस प्रकार यह 1 जनवरी, 2005 से लागू हो गया है। हमने पता लगाया कि उसके अंतर्गत कितनी दवाएं आती हैं, तो पता लगा कि पांच प्रतिशत दवाओं का प्रोडक्शन पेटेन्ट के अंतर्गत आता है। सौभाग्य से जितनी भी एसेंशियल ड्रग्स हैं -354, उसमें से कोई भी प्रोडक्ट पेटेंट के अन्तर्गत नहीं है, एक अच्छी बात है। लेकिन हमने उसमें संशोधन दिया और हमको खुशी है कि वह संशोधन मान लिया गया कि 1995 के बाद ही पेटेंट की जो दवाईयां बन रही हैं वे बन्द नहीं होंगी। यदि कोई मल्टीनेशनल कम्पनी आती है, तो जो रॉयल्टी वगैरह का मामला है, उनसे नेगोशिएशन करके तय किया जाएगा, लेकिन दवाइयां बन्द नहीं होंगी। दूसरे, उसमें हमने कम्पलसरी लाइसेंस की व्यवस्था रखी है कि यदि पेटेंटशुदा कम्पनी दवाई नहीं बनाती है या अधिक दाम पर बेचती है, तो हम दूसरे को भी कम्पलसरी लाइसेंस दे सकते हैं। तीसरा, हमने कहा है कि जो हमारा ड्रग का कंट्रोल है, उसकी सीमा से यह बाहर नहीं रहेगा, उस पर भी वही कानून लागू होगा। उसके बाद हम लोग कोशिश कर रहे हैं, मिनिस्ट्री एक्जामिन कर रही है कि जो यहां आए, उससे पहले प्राइस नेगोसिएशन का भी कोई तरीका अपनाना चाहिए। फिर पैरेलल इम्पोर्ट है, पैरेलल इम्पोर्ट दूसरी कम्पनी को भी इम्पोर्ट का अधिकार उसमें रखा गया है। जो प्रि-ग्रांट अपोजिशन को बन्द कर दिया गया था उसमे नहीं था, उसको न सिर्फ प्रि-ग्रांट अपोजिशन चालू होने के पहले सुनवाई हो, बल्कि पोस्ट ग्रांट अपोजिशन का भी हम लोगों ने उसमें प्रावधान रखा है। हमारे साथी ने कहा कि इसके लिए कोई दवाई बना करके इधर-उधर न करे, तो उसमें एवरग्रीनिंग नहीं हो, उसकी भी व्यवस्था की गई है और इसके लिए डाक्टर मशेलकर की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई गई है। इसके अलावा भी मान लेते हैं कि जैसे एक दवाई है - गिलिबिक, यह कैंसर की दवाई है। यह सही बात है कि यह दवाई जो बाहर से आती है उसका तीन महीने का डोज एक

लाख बारह हजार का है। भारत में जो दवाई बनाते हैं, उसकी कीमत दस हजार है। 2002 में उसको एक्सक्लूसिव राइट दे दिया गया था, लेकिन अभी सौभाग्य की बात है कि हमने बन्द नहीं किया है, मार्केट में हमारी भारतीय कम्पनी बना रही है। हमारी भारतीय कम्पनी इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट गई है। जो सन्धु कमेटी है तथा इस सन्धु कमेटी ने जो अंतरिम रिपोर्ट दी है, उसमें उसने कहा है कि जो 354 आवश्यक दवाएं हमारे पास हैं उनमें से कुछ दवाइयों को हम नियंत्रण में लाएंगे। इनको कंट्रोल में लाने की कमेटी की ऐसी रिकमंडेशन हैं। कमेटी ने यह भी कहा है कि जो बाकी की इंटेंसिव दवाइयां हैं उनको इंटेंसिव मॉनिटरिंग में रखा जाएगा और इस श्रेणी की जो दवाई होगी, उसके दाम में 10 से 15 परसेंट से ज्यादा बढ़ोत्तरी नहीं की जाएगी। उसके बाद उन्होंने ट्रेड मार्जिन के सम्बन्ध में कहा है कि जो ट्रेड मार्जिन हो, वह जो शैड्यूल्ड ड्रग्स हैं, कंट्रोल में जो ड्रग्स हैं उनका थोक और फुटकर विक्रेता के लिए 8 से 16 परसेंट के बीच में ही मार्जन रहेगा और नॉन-शैड्यूल्ड में जो ब्रांड वाली दवाइयां हैं, उनका 10 से 20 परसेंट और जो जेनेरिक दवाइयां हैं उनका 15 से 35 परसेंट तक ट्रेड मार्जन होना चाहिए। यदि यह हो जाता है तो अभी जो चार सौ, पांच सौ या थाउजेंड टाइम्स है इन सब पर ऑटोमेटिक कंट्रोल लगेगा। उन्होंने एक और भी सजेशन दिया है कि राजस्थान मॉडल के टाइप में किया जाए तथा कुछ साथियों ने भी कहा है कि सीधे मेन्युफैक्चरर्स से कर दो। मेन्युफैक्चरर्स से खरीदने के बाद वही दवाई जब हम बाजार के मूल्य में देखते हैं तो 50 परसेंट कम दाम होता है, चूंकि बीच का बिचौलिया खत्म हो जाता है। इसी राजस्थान के मॉडल पर मेडिकल सोसाइटी राष्ट्रीय स्तर पर बनाई जाए जो कम्पनियों से सीधे थोक भाव में दवाइयां खरीदकर अपने स्टोर के जरिए मुनाफे पर बेचेगी और उसका दाम कम होगा। इसके बाद यह भी कहा गया कि जो डी0पी0सी0ओ0 है, उसको अधिक से अधिक सशक्त बनाया जाए और सभी राज्यों में ड्रग कंट्रोल के ऑफिसिज में डी0पी0सी0ओ0 सेल खोला जाए जिनका खर्च पांच साल तक भारत सरकार वहन करे। एन0पी0पी0ओ0 का ड्रग कंट्रोलर और दूसरी गैर सरकारी कार्य संस्थाओं के बीच वार्ता के लिए प्रभावशाली सिस्टम बनाए जाएं और एन0पी0पी0ओ0 द्वारा तय किए गए मूल्यों तथा इस विषय में सरकार की नीतियों को, निर्णयों को समुचित पब्लिसिटी दी जाए। जो आपने कहा है कि मीडिया के माध्यम से जो पब्लिसिटी है, जैसे 'ग्राहक जागो' अभियान है, हमने उसी तरह से कहा है कि कंज्यूमर के लिए भी कुछ होना चाहिए, जिससे इन लोगों को पता चले कि दवाई की कीमत एक्चुअल में क्या है? अभी जैसे वैट सिस्टम में हो गया है। वैट सिस्टम से अधिकांश राज्यों में हमें राहत मिली है। कुछ राज्यों में घाटा भी हो रहा है, जैसे महाराष्ट्र में है। एक तो प्राइस होता है, एक रीटेल प्राइस होता है, एक एम.आर.पी. होता है और एम.आर.पी. प्लस लोकल टैक्सेज होते हैं। अब लोकल टैक्सेज में कितना लेते हैं, वह किसी को पता नहीं था। जैसे एक मीटर होता है, टैक्सी में जाइए तो एक आदमी मीटर देखकर पैसा देता है, एक आदमी कहता है कि इसमें परसेंटेज और बढ़ेगा। तो यह अच्छी बात हुई है, लेकिन उससे कई राज्यों में घाटा भी हुआ है। जैसे महाराष्ट्र में पहले 9 परसेंट लोकल टैक्स में लिया जाता था, अब वह घटकर 4 हो जाएगा। उसी तरीके से उत्तर प्रदेश में पहले 8 परसेंट था, तमिलनाडु में 10 परसेंट था, वेस्ट बंगाल में 8.5 परसेंट था, लेकिन कुछ स्टेट्स ऐसे भी हैं, जहां पर यह पहले 0 परसेंट था, लेकिन अब उसका एक ही प्राइस रहेगा।

अब संधु कमेटी की रिपोर्ट जब आने लगी, तो जितने भी मैन्युफैक्चरर्स थे, वे चिल्लाने लगे कि साहब, इसमें तो प्रोडक्शन बंद हो जाएगा, हमारी कंपनी का डायरेक्ट 35,000 करोड़ रुपए का टर्नओवर होता है, यह घटकर कम हो जाएगा और हमारे पास उस कमेटी की रिपोर्ट

है। पी.एम.ओ. ने एक दूसरी कमेटी बनाई - टास्क फोर्स और उसमें प्रणब सेन, जो योजना आयोग के मुख्य सलाहकार हैं, उनकी अध्यक्षता में यह बनाई है। उनसे हमारी दो बार बातचीत हुई है। तीन बार हमने बैठक की है। बहुत ही अच्छा आइडिया है, लेकिन जब तक वह रिपोर्ट हमारे पास नहीं आती है, मैं सदन को कुछ भी कहने से लाचार हूं। आपने कहा है कि कब तक वह रिपोर्ट देगी, तो उस कमेटी को 30 जून तक रिपोर्ट देनी थी, लेकिन उसको बढ़ाकर 20 अगस्त तक - आज 17 अगस्त है, तीन दिन का समय है - हमने कहा है कि 20 अगस्त उसकी डेडलाइन है और उसके संबंध में इस महीने में बैठक बुलाकर हम उस रिपोर्ट को दे देंगे।

मनोज भट्टाचार्य जी ने एक सवाल और उठाया फेंसिडिल के संबंध में। यह जो फेंसिडिल है, यह नॉर्थ-ईस्ट में ज्यादा बिकती है। नारकोटिक्स ऐक्ट के मुताबिक 2.5 से ज्यादा नशीला पदार्थ हो, तब वह उसके अंतर्गत आता है और उसका 100 ml से बड़ा पैकेज नहीं होना चाहिए। तो 100 ml पैकेज और 2.5 से ज्यादा कोडिन का अंश होना चाहिए, लेकिन ये जो दवाइयां बिक रही हैं, इसमें अफीम का भी अंश है, वह बड़ी चालाकी से... यह दवाई है, चालाकी भी नहीं कह सकते, दवाई है, इसमें कोडिन का अंश 0.2 परसेंट है और पैकेज का साइज़ 100 ml से हमेशा कम रहता है। यह दवाई ज्यादा मात्रा में लेने से नशा पैदा करती है और फिर एक बार जब नशे की आदत लग जाती है, तो आदत लग ही जाती है। कुछ साथियों ने कहा है कि आप उसके लिए क्या कार्यवाही कर रहे हैं, जो ऐसी दवाइयां या नकली दवाइयां बनाते हैं? इन लोगों के खिलाफ आप क्या कर रहे हैं? हमने हेल्थ मिनिस्टर से पूछा तो उन्होंने कहा कि राज्य सभा में ऑलरेडी एक बिल पेश किया गया है, जिसमें 10 लाख रुपए तक जुर्माना और लाइफ इम्प्रिज़नमेंट का प्रावधान है। जैसा कि मैंने कहा कि जो "एम" शेड्यूल्ड है और "एस" शेड्यूल्ड है, इन दोनों को उसमें कड़ाई से लागू किया जाएगा। "एम" शेड्यूल का प्रभाव हमारे आई.डी.पी.ए. पर हो गया, क्योंकि आई.डी.पी.ए. "एम" शेड्यूल के कारण, क्वालिटी के कारण ही नोटिफिकेशन नहीं हुआ, उसके कारण सबको बंद करना पड़ा, लेकिन अभी जैसा मैंने कहा कि वह अभी चालू है, लेकिन बंद होने का नोटिस उनको दे दिया गया है।

वायालार रवि साहब ने essential drugs के संबंध में कहा, आपने भी यही सवाल उठाया कि जो क्वालिटी है, क्वालिटी के संबंध में किसी तरह का कॉम्प्रोमाइज़ नहीं होना चाहिए।

पुंज साहब ने प्राइज कंट्रोल के संबंध में सुझाव दिया है। मैं आपको अभी बतला दूं कि हमारे जीडीपी का जो हैल्थ के ऊपर कुल खर्चा होता है, वह 0.9 है। जो हमारा यूपीए का टार्गेट है और हमने कॉमन मिनिमम प्रोग्राम में भी कहा है कि अगले पांच साल में इसको दो से तीन परसेंट बढ़ाएंगे, जो कि अभी 0.9 परसेंट है। श्रीमती वंगा गीता जी ने कहा है कि गरीब लोगों को कम दामों पर दवाई उपलब्ध होनी चाहिए। इस बारे में जो सन्धु कमेटी की रिपोर्ट आई है, उस रिपोर्ट में एक बात यह भी है कि जो बिलो पावर्टी लाइन हैं, उनके लिए एक ऐसा तरीका निकालना चाहिए, ताकि उनको मुफ्त में दवाई मिले।

श्री उपसभापति : अभी आप कितना वक्त लेंगे।

श्री राम विलास पासवान : केवल दस मिनट। एक आरोग्य निधि है, जिसमें कुछ पैसा, discretionary fund फंड हैल्थ मिनिस्टर का होता है, कुछ discretionary fund प्राइम मिनिस्टर का देते हैं, तो 25 हजार तक रुपया ये देते हैं, उससे ज्यादा प्राइम मिनिस्टर देते हैं,

लेकिन यह सफिशिएंट नहीं है। इसलिए कोई न कोई इस तरह का तरीका निकालना चाहिए कि जो गरीबी की रेखा से नीचे रहने वाले लोग हैं, वे किसी बीमारी का शिकार न हों। वे किसी बीमारी के कारण मरें नहीं, इस तरह का हमारी सरकार का कमिटमेंट है। हम लोग इस संबंध में प्रयास कर रहे हैं। हमारे कुछ साथियों ने बकाया राशि के संबंध भी पूछा है कि बकाया राशि कितनी है, तो टोटल बकाया राशि 593 करोड़ रुपए है, ओवर चार्जिंग एमाउंट पेंडिंग, 593 करोड़। आपने पूछा है कि उनके खिलाफ टोटल केस कितने हैं, तो टोटल केस 263 हैं। टोटल वसूली 88 करोड़ रुपया हुई है और पिछले एक साल में हमने उसमें से वसूली की है, 23 करोड़ रुपया। कुल मिलाकर जो कोर्ट में मामला है, वह सुप्रीम कोर्ट में लम्बित मामला है, तो सुप्रीम कोर्ट में मामला लम्बित है तो 494 करोड़ रुपए के बकाया में अकेली एक सिपला कम्पनी है, जिसकी तरफ 359.70 करोड़ रुपया बकाया है। उस बकाया के लिए लड़ भी रहे हैं और हमारे यहां से सांसद भी और बड़े नेता लोग भी उनकी तरफ से लड़ रहे हैं। कुल मिलाकर जो कोर्ट से बाहर है, वह केवल 17 करोड़ बचा हुआ है, मैं समझता हूं कि यह बहुत बड़ी रकम नहीं है। पहले आर. एंड डी. के संबंध 150 करोड़ लम्पसम एमाउंट दिया गया था और कहा गया था कि 150 करोड़ रुपए का जो सूद है, उसी से आर. एंड डी. को चलाओ। हमें इस बात की खुशी है कि हमने इस बात का प्रयास किया, अब प्लानिंग कमीशन प्रति वर्ष 150 करोड़ रुपया देने के लिए सहमत हो गया है। मैं समझता हूं कि इससे रिसर्च एंड डेवल्पमेंट का काम काफी आगे बढ़ेगा। पी.जी. नारायणन जी ने पेटेंट एक्ट के संबंध में कहा है, तो मैंने इस संबंध में बतला दिया है। प्रशांत चटर्जी जी ने कहा है कि लिमिट का दायरा क्या होता है, जब आप कहते हैं कि जब किसी चीज का दाम बढ़ रहा है, तो इस बारे में मैंने बतला दिया है कि जब 20 परसेंट से ज्यादा किसी का पर ईयर दाम यदि बढ़ा दें तो हम उसको कंट्रोल करने के लिए कारगर कदम उठाते हैं। इसके बाद लाइफ सेविंग ड्रग्स के संबंध में आपने पूछा तो मैंने इस संबंध आपको बतला दिया है। आपने टास्क फोर्स के संबंध में भी कहा है और उसके बाद वसंत चव्हाण जी ने कहा कि कीमत निर्धारित करने का तरीका ठीक नहीं है, मैं भी आपकी इस बात से सहमत हूं क्योंकि सारे के सारे डी-कंट्रोल हैं। डी-कंट्रोल में हम कीमत तय नहीं करते हैं। जो कम्पनी दवा बनाती है, वही कम्पनी कीमत तय करती है और फिर मार्किट के आधार पर सारी चीजें चलती हैं। आपने एन.पी.पी.ए. के संबंध में कहा है, इसमें दो मत नहीं हैं कि हमारे एन.पी.पी.ए. में आदमियों की कमी है। स्टेट में जो हमारे ड्रग कंट्रोलर हैं, उनके पास भी आदमियों की कमी है। एम.एस. गिल साहब ने कहा कि क्वालिटी ठीक होनी चाहिए और कीमत अधिक है। क्वालिटी ठीक हो, वहां पर हैल्थ मिनिस्टर श्री रामदास साहब बैठे हुए हैं, वे इस संबंध में बहुत प्रयास कर रहे हैं और इसके बाद दाम अधिक नहीं होने चाहिएं। बिलो पॉवर्टी लाइन वालों के लिए मैंने कहा है कि हमारी योजना है। वैसे जो हमारा प्राइस है, वह हम हमेशा देखते रहते हैं। इतना ही नहीं, हम तो माननीय सदस्यों से भी आग्रह करेंगे कि जिस प्रकार से दो-तीन दवाइयों के दामों के बारे में आपने कहा, जिस तरह से हमारे पास नॉलेज में दवाई आई, उसकी कीमत हमने घटवाई है। घटवाई ही नहीं, बल्कि हम उसकी कीमत भी कंट्रोल करने जा रहे हैं। इसी तरीके से और भी जो दवाइयां हमारी नॉलेज में आती जाएंगी, हम उसमें पर्सनल इंट्रस्ट लेकर काम करेंगे। गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों के संबंध में राम देव भंडारी जी से कहा, डा. नारायण सिंह जी ने जो कहा, कॉस्ट ऑफ प्रोडक्शन और एम.आर.पी. के संबंध में, उसका जवाब तो मैंने पहले ही दे दिया। उसके बाद यह भी कहा कि डायरेक्ट मैन्युफैक्चर्स से खरीदें, कठोर कार्रवाई की व्यवस्था होनी चाहिए। मिसयूज और एब्यूज का एक रैकेट है, इस संबंध में आपने कहा कि उस रैकेट का

पर्दाफाश करने के लिए सेंट्रल गवर्नमेंट देखेगी, राज्य सरकार देखेगी। दोनों को मिलकर इस रैकेट को ठिकाने नहीं लगाना चाहिए, बल्कि दंडित करना चाहिए। दारा सिंह चौहान जी ने कहा कि लाइफ सेविंग ड्रग्स सस्ते हों, इस संबंध में उन्होंने अपने विचार दिए, नारायणसामी जी ने कैंसर और कंट्रोल्ड ड्रग्स के संबंध में कहा, नेशनल कॉमन प्रोग्राम के संबंध में कहा है, इसके लिए हम कटिबद्ध हैं। इसके लिए सरकार हर संभव प्रयास ही नहीं करेगी, बल्कि कॉमन मिनिमम प्रोग्राम में हमने जो वादा किया है, हम उसे भी लागू करेंगे। आपने कहा कि कमेटी की रिपोर्ट क्या है, वह हमने बता दी है, कंट्रोल कैसे होता है, वह भी हमने आपको बता दिया। जय राम रमेश जी ने प्राइस फिक्सेशन के संबंध में कहा। इन्होंने यह भी कहा कि एन.पी.पी.ए. को प्रति वर्ष प्राइस की जांच करनी चाहिए, मैं उनसे सहमत हूं और उन्होंने हेल्थ मिनिस्ट्री के संबंध में जो कहा है, जो मेरी जानकारी थी, मैंने आपको वह देने का काम किया है। सर, मैं समझता हूं कि जो-जो प्वाइंट्स थे, मैंने उन्हें कवर कर दिया है। वैसे मेरे पास पूरी जानकारी और भी है ...(**व्यवधान**)... अगर माननीय सदस्य पत्र लिखकर पूछना चाहेंगे, तो पूछ सकते हैं। यदि कोई माननीय सदस्य बच गया हो, किसी माननीय सदस्य के मन में कोई शंका हो, वे हमसे लिखित प्रश्न पूछ लेंगे, हम उनको एक-एक करके जवाब दे देंगे। लेकिन सर, मैं इस सदन को बताना चाहता हूं कि हर क्षेत्र में हमारी पॉलिसी है। हम प्रोडक्शन को नहीं रोकना चाहते हैं, यह हमारी बहुत अच्छी इंडस्ट्री है। जिस इंडस्ट्री का आप विकास करना चाहते हैं, वहीं हम मैन्युफैक्चर्स से, सदन के माध्यम से आग्रह करना चाहते हैं कि जो हमारी सरकार की नीति है, प्राइस को रीजनेबल प्राइस में रखें, ज्यादा न रखें। जो कॉमन लोग हैं, उन पर इसका दुष्प्रभाव न पड़े। यदि वे ऐसा नहीं करेंगे तो हमारे पास दोनों हथियार हैं। मेरे पास कंट्रोल करने का भी हथियार है और बिना कंट्रोल करने का भी हथियार है। हम इनका इस्तेमाल करेंगे, हम इसमें कहीं हिचकेंगे नहीं, यह मैं सदन को विश्वास दिलाना चाहता हूं।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The House is adjourned for lunch till 2.15 p.m.

The House then adjourned for lunch at thirty-eight minutes past one of the clock.

The House reassembled after lunch at fifteen minutes past two of the clock, MR. DEPUTY CHAIRMAN in the Chair.

GOVERNMENT BILLS

The Appropriation (Railways) No. 3 Bill, 2005

And

The Appropriation (Railways) No. 4 Bill, 2005

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, we shall take up The Appropriation (Railways) No. 3 Bill, 2005 and The Appropriation (Railways) No. 4 Bill, 2005. Shri Lalu Prasad.